**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।**

पत्रांक 2565 / m-1 / 50 दिनांक 31/8/26

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
(निरीक्षा शाखा)
मऊ।

विषय : **न्यूज–18 समाचार में दिनांक 25.08.2026 को ''Groun Report: टंकी खड़ी है लेकिन नल सूखे हैं, मऊ के इन्दारा गांव के ग्रामीणों ने गाउंड रिपोर्ट ने बताया सच' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **न्यूज–18 समाचार में दिनांक 25.08.2026 को ''Groun Report: टंकी खड़ी है लेकिन नल सूखे हैं, मऊ के इन्दारा गांव के ग्रामीणों ने गाउंड रिपोर्ट ने बताया सच'** शीर्षक से प्रकाशित समाचार का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (कटिंग संलग्न)। विकास खण्ड कोपागंज के ग्राम पंचायत इन्दारा पेयजल परियोजना का कार्य मेसर्स एल०सी० इन्फा द्वारा फेज–2 के अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल०सी० इन्फा ने अपने पत्र **LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/239, Date:- 31-08-2026** द्वारा अवगत कराया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम इन्दारा में दो शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित था, जिसमें ट्यूबवेल, बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाउस, पाईप लाईन विछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गृह संयोजन 25 प्रतिशत तक एवं शिरोपरि जलाशय 80 प्रतिशत (जिंक टैंक इंस्टाल तक पूर्ण कर लिया गया है तथा दूसरे शिरोपरि जलाशय में स्ऐजिंग का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही योजना के शेष कार्यों को पूर्ण नियमित पेयजल सप्लाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अनुरोध है कि कृपया प्रकरण निक्षेपित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक :** **पेपर कटिंग।**
**फर्म का पत्र।**

भवदीय
(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः–

1– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।
5– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मऊ को सादर सूचनार्थ।
6– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
7– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner

lc infra
projects pvt. ltd.

Letter No-LC/JJM/LKO/MAU/2026-27/239 Date-31.08.2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

**<u>विषय</u>**:- जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य के संदर्भ में न्यूज़ 18 सोशल मिडिया में दिनांक 31.08.2026 को छापी गयी न्यूज़ के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अगवत कराना है कि ग्राम पंचायत इंदारा में दो ओ.एच.टी निर्माण कार्य किया जाना प्रास्तवित था, जिसमे ट्यूबवेल, बाउड्रीवॉल, पम्प हाउस एवं पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, गृह संयोजन 25 प्रतिशत तक एवं ओ.एच.टी 80 प्रतिशत (जिंक टैंक इन्सटॉल) तक पूर्ण कर लिया गया है तथा दूसरी ओ.एच.टी में स्टेजिंग का कार्य प्रगति पर है। अतः जल्द ही योजना के शेष कार्यों को पूर्ण कर नियमित पेयजल सप्लाई प्रारम्भ कर दी जाएगी।

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED

मैसर्स एल.सी. इन्फ्रा
मऊ

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है-


1. अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

CamScanner

lc infra
projects pvt. ltd.




ओ.एच.टी -1




ओ.एच.टी -2

# Ground Report: टंकी खड़ी है लेकिन नल सूखे हैं, मऊ के इंदारा गांव के ग्रामीणों ने ग्राउंड रिपोर्ट में बताया सच

Reported by: Balwant Sharma | Edited by: Vivek Kumar | Agency: Local18
Last Updated: August 25, 2026, 08:40 IST

मऊ के इंदारा ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत करीब 653 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी डेढ़ साल से अधूरी पड़ी है. घर-घर पाइपलाइन और नल नहीं लगने से ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. ग्रामीणों ने टंकी का निर्माण पूरा कर जल्द जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है.

खबरें फटाफट



मऊ: सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई गई, जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या न हो. लेकिन मऊ जनपद के इंदारा ग्राम सभा में पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया गया जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या हो रही है. ऐसे में आइए जानते हैं ग्रामीण क्या मांग कर रहे हैं.

**पानी की टंकी से पानी की सप्लाई न होने से ग्रामीण परेशान**

लोकल 18 से बात करते हुए ग्रामीण रामपुकार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्थापित पानी की टंकी और बिछाई गई पाइपलाइन ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है. घर-घर पाइपलाइन और टोंटियां तक नहीं लगाई गई हैं. अब पेयजल संकट के कारण लोगों को खाना बनाने, कपड़े धोने तथा बच्चों को स्कूल भेजने जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भी मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं.

Advertisement


# ound Report: टंकी खड़ी है लेकिन नल सूखे हैं, मऊ के इंदारा गांव क ग्रामीणों ने ग्राउंड रिपोर्ट में बताया सच

Reported by: Rajeev Sharma | Edited by: Vivek Kumar | Agency: Local18
Last Updated: August 25, 2026, 08:40 IST

मऊ के इंदारा ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत करीब 653 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी की टंकी डेढ़ साल से अधूरी पड़ी है. घर-घर पाइपलाइन और नल नहीं लगने से ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. ग्रामीणों ने टंकी का निर्माण पूरा कर जल्द जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है.

ख़बरें फटाफट

गूगल पर News18 चुनें




**मऊ:** सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी लगाई गई, जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या न हो. लेकिन मऊ जनपद के इंदारा ग्राम सभा में पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन उसे अधूरा छोड़ दिया गया जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या हो रही है. ऐसे में आइए जानते हैं ग्रामीण क्या मांग कर रहे हैं.

## पानी की टंकी से पानी की सप्लाई न होने से ग्रामीण परेशान

लोकल 18 से बात करते हुए ग्रामीण रामपुकार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्थापित पानी की टंकी और बिछाई गई पाइपलाइन ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है. घर-घर पाइपलाइन और टोटियां तक नहीं लगाई गई हैं. अब पेयजल संकट के कारण लोगों को खाना बनाने, कपड़े धोने तथा बच्चों को स्कूल भेजने जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भी मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं.

ADVERTISEMENT



CamScanner